### एक नजर में

**यातायात पुलिस ने भेंट किये हेलमेट**

**हरदा, 09 अगस्त** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के निर्देशन में यातायात पुलिस हरदा ने सुरक्षा जागरूकता का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस विशेष दिन यातायात पुलिस ने शहर में दोपहिया वाहनों से अपने भाइयों के साथ घर जा रही बहनों को उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट किए। हेलमेट वितरण के साथ ही बहनों ने अपने वाहन चालक भाइयों को हेलमेट पहनाकर हमेशा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने का वचन दिलाया। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ते मौत के आंकड़ों को कम करना और लोगों में सुरक्षा के प्रति स्थायी आदत विकसित करना है। यातायात प्रभारी सूबेदार उमेश ठाकुर ने बताया कि सड़क हादसों में अधिकांश मौतें हेलमेट न पहनने से होती हैं। आज हमने लगभग 25 से 30 लोगों को हेलमेट वितरित किए हैं। यह केवल एक उपहार नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का संकल्प है. त्योहार के उत्साह के बीच यातायात पुलिस की यह पहल न केवल सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करती है, बल्कि समाज को यह संदेश भी देती है कि रक्षाबंधन का वास्तविक अर्थ अपने प्रियजनों की रक्षा करना है।

# जल, जंगल, जमीन की रक्षा हम ही करेंगे

## विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासियों ने बिरसा मुण्डा को किया याद



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 09 अगस्त** विश्व आदिवासी दिवस पर आज आदिवासी विकासखंड केसला के सहेली स्टेडियम में हजारों आदिवासी एकत्र हुए। ये आदिवासी ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से जुलूस की शक्ल में यहां पहुंचे थे। केसला के खेल मैदान में एक सभा का आयोजन किया गया। आदिवासी कालाआखर, जमानी, तीखड़, टांगना, जुझारपुर, पथरोटा सहित दर्जनों गांवों से जुलूस की शक्ल में पहुंचे थे। टांगना से एक जुलूस जमानी होता हुआ इटारसी, पथरोटा होकर केसला ब्लाक मुख्यालय पहुंचा था। सहेली के स्टेडियम में हर ओर पीले झंडे दिखाई दे रहे थे। इनकी जुबां पर नारे थे, जल, जंगल, जमीन की रक्षा कौन करेगा, हम करेंगे, हम करेंगे। आदिवासियों ने इस दौरान बिरसा मुंडा को भी याद किया जिन्हें ये समुदाय भगवान का दर्जा देता है। रानी दुर्गावती के बलिदान को भी आदिवासियों ने याद किया। जुलूस में आदिवासी युवक-युवतियों ने पारंपरिक नृत्य किया, कई के हाथों में तीन-कमान थे और वे पारंपरिक आदिवासी परिधान पहले थे। ग्राम सहेली के स्टेडियम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम कलमे, जिला पंचायत सदस्य सीमा कासदे, आदिवासी नेता फागराम, कोरकू समाज से नर्मदा प्रसाद नागले, सुशील बरकड़े, गुलाब बारस्कर के अलावा युवा नेता और इटारसी नगर पालिका के पार्षद राहुल प्रधान, विनोद बारिवा, दुर्गेश कामले आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया


**सोहागपुर।** स्थानीय उपमंडी में विकासखंड के आदिवासियों ने विश्व आदिवासी दिवस पर शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। नृत्य व डंडा कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुति सहित आदिवासी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह पटेल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत सिंह पटेल, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर सौरव अग्रवाल, कैलाशचंद उईके, खेतसिंह सारठिया, सुरेखा शाह, रवि उईके, तुलसीराम भल्लावी, बारेलाल दर्शिमा, विक्रम परते सहित अन्य गणमान्य नागरिक मंचासीन हुए।

**ये कार्यक्रम हुए आयोजित** -कार्यक्रम के शुरु में बालिकाओं ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का अतिथियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। लोस सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने फोन पर संबोधन दिया। आदिवासी डंडा कार्यक्रम के बाद उपमंडी सोहागपुर से रैली निकाली गई, जो मंगल भवन में संपन्न हुई। इस दौरान बलराम उईके, राजेन्द्र उईके, मंगल सिंह ठाकुर, अंकित कुबरे, मुकेश तेकाम, कन्छेदीलाल उईके, भगवान दास इरपाचे आदि ने कार्यक्रम संचालन में विशेष भूमिका निभाई।

### बाजार में बार-बार लगा जाम

**सोहागपुर, 09 अगस्त 2025** कमानिया गेट से पूरे बाजार में राखी दुकान लगाई गई है इन दुकानों में खरीदारी करने आए ग्राहकों द्वारा दोपहिया चार पहिया वाहन लेकर आते हैं इसी कारण आज रक्षाबंधन के दिन बाजार में बार-बार जाम लगा। इसे देखते हुए व्यापारियों द्वारा मांग की गई है कि सीजन के जो भी बाजार होते हैं वह शहर से दूर लगाया जाए ऐसी जगह लगाए जाएं जहां पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था हो। स्थानीय प्रशासन को जिस प्रकार से दीपावली के समय जो व्यवस्था की जाती है जैसे कि दीपावली पर फटाके की दुकान के लिए व्यवस्था की थी वैसी आगामी समय में दिवाली रक्षाबंधन हो । जो भी सीजन की दुकान होती हैं उन्हें शहर से बाहर लगाना चाहिए। जिससे कि आम नागरिक के साथ-साथ खरीदारी करने आए लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## विधायक डॉ . शर्मा की पहल को विधानसभा में मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 09 अगस्त** नर्मदापुरम-इटारसी के संयुक्त विकास को लेकर वर्षों से उठती आवाज़ अब हकीकत के करीब दिखाई दे रही है। विधानसभा सत्र में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा उठाए गए 'शहरी विकास प्राधिकरण' गठन के प्रस्ताव को सरकार की ओर से सकारात्मक संकेत मिले हैं। डॉ. शर्मा ने सदन में कहा कि नर्मदापुरम और इटारसी का सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक रिश्ता बेहद गहरा है। इटारसी प्रदेश का वाणिज्यिक हब है और नर्मदापुरम जिला मुख्यालय—दोनों को एक प्रशासनिक ढांचे में लाकर योजनाओं का क्रियान्वयन तेज और व्यवस्थित किया जा सकता है।

**मुख्यमंत्री और मंत्री से सहमति** - डॉ. शर्मा ने बताया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा के दौरान सहमति मिल चुकी है। वहीं, नगरीय निकाय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा में आश्वासन दिया कि प्रस्ताव का शीघ्र परीक्षण कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। इससे न केवल सुव्यवस्थित विकास को गति मिलेगी, बल्कि नर्मदापुरम-इटारसी को नई पहचान भी मिल सकती है।

## शासन के नये आदेश से दो पहिया वाहन चालकों में हडकंप

**सोहागपुर।** शासन द्वारा दिए निर्देशों के अनुसार शहर के सभी पेट्रोल पंपों पर इन दोनों दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल दिया जा रहा है। जिस पर दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। शासन द्वारा दिए गए आदेश का पालन करते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के दो पहिया वाहनों को पेट्रोल नहीं दे रहे हैं जिससे अब मजबूरी में दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग कर रहे हैं । दिनों दिन सड़कों पर बढती दुर्घटनाओं को देखते हुए शासन द्वारा पंप संचालकों को निर्देश दिए गए इसके बाद पंप संचालक हेलमेट पहनकर आए लोगों को ही पेट्रोल दे रहे हैं जिससे लोगों में हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर रूप से घायल होने से बचा जा सकेगा। जब वाहन चालक के द्वारा हेलमेट का उपयोग किया जाता है और दुर्घटना होने पर उसे काफी हद तक मृत्यु नहीं होने की संभावना बनी रहती है हेलमेट पहनने के कारण उसे सिर पर चोट नहीं लग पाती है.

## नगर निरीक्षण में नपा अध्यक्ष को मिली कई नालियां बंद



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 09 अगस्त** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे रक्षाबंधन पर सुबह बाजार क्षेत्र के निरीक्षण पर निकलने। वे पहले सब्जी मंडी में साफ सफाई व्यवस्था देखने के लिए पहुंचे। यहां उन्हें कुछ फल विक्रेता मिले, उनसे चबूतरे के संबंध में चर्चा हुई। इसके बाद बाजार क्षेत्र में उन्हें निरीक्षण के दौरान कुछ नालियां बंद मिली। निर्माण कार्यों के कारण नालियों में मिट्टी, गिट्टी, ईंट फंसी हुई थी। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि सुबह-सुबह सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था देखने के लिए पहुंचे थे। उन्हें यहां पर फल कारोबारी गोलू भाटिया के साथ कुछ फल विक्रेता मिले और बाजार में फल की दुकानों को लगाने को लेकर चर्चा हुई। जिस पर नपाध्यक्ष ने कहा कि प्रतिबंधित एरिया को छोड़कर वे ऐसी जगह फल की दुकानें लगाएं जहां से यातायात बाधित नहीं हो। उन्होंने कहा कि आप लोग सब्जी बाजार में फल के चबूतरों पर दुकानें लगाएं। इस पर फल विक्रेताओं ने कहा कि जहां फल के लिए चबूतरे बने हैं वहां तो दोपहर 12 बजे तक सब्जी की थोक की दुकानें लगी रहती हैं।

### लोककला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**पिपरिया** सांदीपनी शासकीय आरएनए उत्कृष्ट उ.मा.वि.में विकासखंड स्तरीय लोककला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। लोककला प्रतियोगिता में विकासखंड के 15 स्कूलो को व प्रायवेट स्कूलो को सूचना दी परंतु 5 स्कूलो ने ही प्रतियोगिता में सहभागिता दर्ज कराई। लोककला प्रतियोगिता आयोजन अवसर पर संयुक्त संचालक लोकशिक्षण नर्मदापुरम संभाग ने पहुंच कार्यक्रम की सराहना की। वही स्कूल का निरीक्षण भी किया। संयुक्त संचालक वर्मा ने कहा कि हमे विद्यार्थियों को रूचि के अनुरूप प्लेटफार्म प्रदान करना है.

## शराब के नशे में पति ने डंडों से मारकर की पत्नी की हत्या

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 09 अगस्त** तहसील के ग्राम नाहरकोला के देवीपुरा टोले में रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व रात में शराब के नशे में धुत पति ने डंडों से मार-मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। गुस्साये पति संतोष करोचे ने अपनी पत्नी सुनीता करोचे 35 वर्ष की लाठी से बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी। मारपीट की जानकारी मिलने पर संतोष का भाई और अन्य परिजन पहुंचे थे, लेकिन उसने उनको भी भगा दिया। भाई ने ग्रामीणों को खबर की और ग्रामीणों ने पुलिस को खबर करके बुलाया। शनिवार सुबह ग्रामीणों के माध्यम से पुलिस तक जानकारी पहुंचने पर थाना प्रभारी राजेश दुबे पुलिस बल के साथ तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

**नशे में हुई थी बहस** - जानकारी के मुताबिक, आरोपी संतोष और उसकी पत्नी सुनीता के बीच देर रात शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि संतोष ने गुस्से में आकर घर में रखी लाठी से पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

**भाई को भगा दिया था** - आरोपी के भाई अंतलाल करोचे ने बताया कि झगड़े की सूचना मिलने पर वह और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। तब संतोष ने उन्हें भगा दिया। स्थिति गंभीर देख उन्होंने ग्राम पंचायत सरपंच और पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना स्थल का निरीक्षण करने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद का सामने आया है। आरोपी संतोष करोचे से पूछताछ की जा रही है।

### कन्या महाविद्यालय में पौधा रोपण कार्यक्रम हुआ

**पिपरिया** शासकीय कन्या महाविद्यालय में विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर व पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधा रोपण कार्यक्रम हुआ जिसमें न्यायायिक मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी दिशा चांडक द्वारा पौधा रोपण कर पौधा रोपण के लाभ बताते हुए विधिक साक्षरता शिविर में मूल अधिकारो के बारे में बताया.

## जिले में अभी तक 893 .7 मिमी वर्षा

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/09,अगस्त,2025/** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 09 अगस्त को प्रात:8 बजे तक जिले में 893.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 870.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 08 अगस्त से 09 अगस्त 2025 को प्रात: 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 4.8 मिमी, सिवनीमालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.0 मिमी, माखननगर में 0.0 मिमी, सोहागपुर में 0.0 मिमी, पिपरिया में 0.0 मिमी, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 54.0 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 937.30 फीट है, तवा जलाशय का 1160.20 फीट है, बरगी जलाशय का 419.20 मीटर एवं बारना जलाशय 347.20 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

### शहीद दिनेश के स्मारक पर स्टैचू बनाये जाने निकाली रैली

**सोहागपुर** शहीद दिनेश के स्मारक पर स्टेच्यू वा गन और टोपी लगवाने को करणी सेना , बजरंग दल और क्षेत्रीय युवाओं द्वारा झंडा चौक से सोहागपुर तक शहीद दिनेश सिंह की जय घोष करते हुए रैली निकाली । रैली की शक्ल में युवाओं ने क्षेत्र का ध्यान शहीद दिनेश सिंह अपनी ओर खींचा । एस डी एम कार्यालय के सामने इंकलाब और शहीद दिनेश सिंह अमर रहे के नारे लगए गए । क्षेत्रवासियों ने बताया कि शहीद दिनेश सिंह के स्मारक पर स्टेच्यू , गन और टोपी सहित उनकी शहादत का उल्लेख करता हुआ पत्थर लगाया जाये ।

### पुलिस ने होटल व लॉजो का चैकिंग अभियान चलाया



नवभारत न्यूज

**पिपरिया** स्टेशन रोड पुलिस ने स्टेशन रोड क्षेत्र के होटल लॉज में पहुंच चैकिंग अभियान चलाया। वही सूनसान व खाली स्थानो पर भी भ्रमण कर संदिग्धो की तलाश की। स्टेशन रोड टीआई आदित्य सेन ने ज्योति लॉज, सत्कार लॉज, होटल स्वाद सहित होटलो व लाजो में पहुंच रजिस्ट्रर चैक कर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि होटल व लॉजो में रूकने वाले लोगो की जानकारी प्रतिदिन थाने में नोट करवाये एवं होटल में कोई संदिग्ध व्यक्ति आता है तो उसकी तत्काल सूचना देवें। होटल का रिकार्ड सही तरीके से एवं पूर्ण रूप से संधारण करे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपरिया** - पिपरिया साडिया मार्ग पर ढाडिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हुआ। पिपरिया साडिया मार्ग पर ढाडिया मैदा फेक्ट्री के पास पिपरिया से पडहार पिपरिया अपने घर जा रहे बाइक सवार शैलेन्द्र पिता वीरेंद्र केवट उम्र 33 वर्ष को अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मारी जिससे पैर व पेट के पास गंभीर चोट आई शासकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर नर्मदा पुरम रेफर किया गया।

## वेसेंरे मजदूर संघ महामंत्री का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**इटारसी.09 अगस्त** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा जी के आवाहन पर मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे जी का इटारसी आगमन हुआ.

इटारसी पंजाब मेल एक्सप्रेस से आगमन उपरांत इटारसी के समस्त शाखों के अध्यक्ष सचिव युवा कार्यकर्ता एवं महिलाओं द्वारा उनका ट्रेन पर भव्य स्वागत किया गया मुख्य रूप से मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा, मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य कुंदन अगलवे ,संजय कैचे,महाकाल कश्यप , आकाश यादव ,राजेश गौर, नितिन ओंकार,, इटारसी पांचो शाखों के अध्यक्ष सचिव के द्वारा स्वागत करने के उपरांत मुख्य शाखा में समस्त सीनियर सी सी टीसी ,द्वह्लद्य विभाग के सभी कर्मचारियों ने मुख्य शाखा के अध्यक्ष सचिव के साथ मंडल अध्यक्ष को ज्वलंत समस्याओं का ज्ञापन सोपा, इसके पश्चात कोऑर्डिनेशन की मीटिंग में सभी ने अपनी अपनी बातें रखी मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया.

### बाजार में छाई रौनक

**हंडिया, 09 अगस्त** भाई के रक्षा सूत्रों को लेकर मंहगाई के बाद भी बाजारों में रोनक छाई रही. जमकर हुई खरीदारी, देशभर में रक्षाबंधन की धूम रही. भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक यह पर्व भद्रा से मुक्त रहेगा पर्व। नगर के बाजारों में रक्षा बंधन को लेकर खरीददारी करती बहनों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस बार राखियाँ बहनों को काफी पसंद आ रही है। लाडली बहनों को भाई द्वारा रक्षाबंधन के लिए 1500/ सौ रूपये कि सौगात दी गई है। मगर मंहगाई के इस दौर में पहले की अपेक्षा खरीददारीकम हो रही है। बाजारों में कपड़े मिठाईयाँ, सभी दुकानों पर भीड़ कम देखी जा रहीं हैं।

## घटिया निर्माण से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

नवभारत समाचार

**हण्डिया 09 अगस्त** प्रदेश सरकार का यह उद्देश्य रहता है कि पंचायती राज्य व्यवस्था लागू होने के बाद सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अन्तिम पंक्ति में खड़े गरीब व पात्र लोगों तक पहुँचे। मगर यह योजनाएं केवल किताबी बातें बनकर रह गई है। उधर ग्राम के विकास की बात कि जाए तो ग्राम पंचायत व जनप्रतिनिधि मिलकर यदि प्रयास करे तो शासन कि कार्य योजनाओं का लाभ आमजन के लिए मील का पत्थर होगा! मगर यहाँ तो शासकीय योजनाओं में पलीता कैसे लगाया जाए। इस बात की बनगी हीरापुर ग्राम पंचायत में देखने को मिल जायेगी। यहाँ विकास की गंगा बहाने के लिए भागीरथ प्रयास कब होगें यह तो स्वयं क्षेत्र की भोली भाली जनता ही बता सकतीं है। शासन की मंशा पर ग्राम पंचायत हीरापुर पहाड़ी पर बनाये गये शुलभ स्वच्छता परिसर भ्रष्टाचार की कहानी क्या कर रहा है। बरसों पूर्व बनाया गया स्वच्छता परिसर में न शौचालय की शीट है और न ही पानी कि टंकी है. शौचालय के सेफ्टी टैंक का गड्ढा भी खुला पड़ा हुआ है स्वच्छता शौचालय भवन में बिजली पानी सहित अन्य सुविधाएं भी गायब है। ग्राम पंचायत के रहनुमा गहरी नींद से जागे नहीं है। सुविधाओं के अभाव के चलते ताला लटका कर पंचायत ने रखे हैं. जिससे द्विव्यांग जन व ग्रामीणों को लाभ नहीं.

### यूरिया नही मिलने से किसान परेशान

**पिपरिया, 09 अगस्त 2025** धान लगने के बाद किसानो को यूरिया की आवश्यकता है परंतु डबल लॉक सहित सहकारी समितियों व प्रायवेट दुकानो पर यूरिया नही मिल पा रहा है। धनासरी के कृषक हेमंतसिंह पटेल व भगवानसिंह पटेल ने बताया कि इस समय यूरिया की अत्यंत आवश्यकता है परंतु डबललॉक गोदाम, सहकारी समितियों यहां तक प्रायवेट दुकानो तक में यूरिया नही मिल पा रहा है. इस संबंध में एसडीएम अनिशा श्रीवास्तव,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य सहित उच्चाधिकारियो को अवगत कराने, पत्र देने के बाद भी यूरिया संकट खत्म नही हो रहा है। डीएपी का तो शुरू से ही संकट बना हुआ है।

## केंद्रीय जेल में बंदियों का हुआ मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण




नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम/09,अगस्त** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड अ में निरुद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष से डॉ. धनेश मिश्रा सुश्री नाजिया सिद्धिकी(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट), श्रीमती निधि पटवा नर्सिंग ऑफिसर द्वारा जेल में परिरुद्ध 40 पुरुष बंदी एवं 10 महिला बंदी कुल 50 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई एवं परामर्श दिया गया स्क्रीनिंग किये गए बंदियो में से मनोरोग हेतु पॉजिटिव 06 बंदियों को चिकित्सक द्वारा पूर्व से उपचार दिया जा रहा है।आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक श्री संतोष सिंह सोलंकी, उप अधीक्षक श्री प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी श्री हितेश बंडिया, जेल चिकित्सक डॉ. विपिन अहिरवार, मेलनर्स श्रीमती इंदुराज साहु एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### नमन को मिला नया जीवन,

**नर्मदापुरम/** मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। इसी योजना के अंतर्गत माखननगर तहसील के ग्राम आंचलखेड़ा निवासी ढाई वर्षीय नमन यादव का सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे उसे नया जीवन मिला। नमन जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की माखननगर स्वास्थ्य टीम द्वारा नमन की बीमारी की पहचान की गई और उसे उपचार हेतु एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल भोपाल भेजा गया।

## सर्वब्राम्हण समाज संगठन ने मनाया श्रावणी पर्व

ब्राह्मणों ने विधि विधान से जनेऊ की धारण कर समनाया श्रावणी पर्व,



नवभारत न्यूज

**हरदा, 09 अगस्त** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा शनिवार को हरियाणा गौड़ ब्राह्मण धर्मशाला में विधि विधान से विप्रो ने श्रावणी उपाकर्म कर यज्ञोपवीत धारण किया।आचार्य पंडित ओमप्रकाश पुरोहित के निर्देशन में ब्राह्मणों ने दश विधि स्नान, ऋषि पूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन कर इसे धारण किया।इसके बाद हवन कर आरती की गई।इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज की पहल एवं जनेऊ संस्कार की जानकारी से प्रेरित होकर युवाओं ने जनेऊ धारण की।वहीं वेद अध्ययन प्रारम्भ करने से पहले बालक केशव शर्मा आयु 12 वर्ष ने जनेऊ संस्कार कर इसे कर धारण की।आचार्य पंडित ओम प्रकाश पुरोहित ने बताया कि श्रावणी उपाकर्म आत्म शुद्धि और पापों से मुक्ति का पर्व है यह स्वाध्याय,संस्कार, ज्ञान के लिए प्रेरित करता है। सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष संगठन द्वारा श्रावणी उपाकर्म मनाया जाता है,ताकि जिन्होंने जनेऊ धारण नहीं की है वे संस्कार के प्रति प्रेरित हो।

### मोहिनी ठाकुर का चयन हुआ



**पिपरिया** मोहिनी ठाकुर राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका फुटबाल चयन केम्प में शामिल हुई। पिपरिया की खिलाडी मोहिनी ठाकुर पीहू का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका फुटबाल टीम चयन प्रशिक्षण शिविर हुआ है। मोहिनी मप्र फुटबाल संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नेशनल केम्प के लिये चयनीत हुई। नेशनल केम्प मप्र टीम के प्रशिक्षक आशीष पिल्ले के मार्गदर्शन में महू में आयोजित किया जा रहा है। सचिन स्पोर्टस अंतर्गत लगभग 30 खिलाडी, बालिकायें नियमित अभ्यास कर रही। प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाडियो की टीम असम में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी।

## पिनेकल स्कूल के छात्रों ने बनाई राखियां

नवभारत न्यूज

**हरदा, 09 अगस्त** रक्षा बंधन पर्व प्रेम,सुरक्षा एवं पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है,पौराणिक मान्यताओं के अनुसार युद्ध में घायल भगवान कृष्ण की ऊंगली पर द्रोपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर बांधा था,तब भगवान ने उसे सुरक्षा का वचन दिया था।रक्षा बंधन त्यौहार ही नहीं बल्कि यह सामाजिक सद्भाव भी बढ़ाता है।यह बात पिनेकल स्कूल में आयोजित राखी मेकिंग कंपीटिशन के दौरान संचालक सुल्ताना खान ने कही।शिक्षिका शोभा राठौर ने रक्षा बंधन से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं पर प्रकाश डाला।इस दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी की गई जिसमे गिल्टर शीट , रिबन , मौली , कुंदन, रंगीन पेपर का उपयोग कर राखी बनाई गई।बच्चों ने सुंदर ग्रीटिंग कार्ड बनाए ,वहीं मेंहदी लगाई। इस दौरान उपस्थित बहनों ने उनके द्वारा बनाई गई राखियां भाइयों की कलाई पर बांधी। एक्टिविटी में कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान पर एशवी पालीवाल, द्वितीय स्थान पर शगुन वर्मा , तृतीय स्थान पर सिद्धांत सोलंकी, कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान पर हर्षी चौहान, द्वितीय स्थान पर दिव्यांशी भवरे ,तृतीय स्थान पर वेदांश कुशवाहा एवं कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान पर मोहीसा बिश्नोई, द्वितीय स्थान पर काशवी राजपूत, तृतीय स्थान पर नित्या पालीवाल रहीं।वहीं मेहंदी कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान पर बुशरा खान, द्वितीय स्थान पर पूर्व शर्मा, तृतीय स्थान पर बुशरा शेख, राखी मेकिंग कॉम्पीटिशन में प्रथम स्थान पर सुहानी धवले ,द्वितीय स्थान पर कसब खान ,तृतीय स्थान पर रुचि बैरागी आयीं.


**न्यायालय तहसीलदार बनखेडी, जिला-नर्मदापुरम म .प्र .**

कमांक / उन/रीडर / वर्ष 2025-26

बनखेड़ी/दिनांक 17/07/2025

**// ईश्तहार //**

तहसील सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा बनखेडी अतंर्गत ग्राम हल्का अधियारवावडी में स्थित भूमि खसरा 41 रकवा 1.2000 हेक्टयर भूमि (शासकीय) चरागाह मद में राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उक्त भूमि पर आदिवासी सामूदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन के लिए आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त भूमि आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 10/08/2025 को स्वंय उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के द्वारा आपत्ति व्यक्त कर सकते है उक्त अवधि उपरान्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक:-- 31/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार, बनखेडी**
**जिला नर्मदापुरम**